हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

मेट्रो सिटी

नागपुर, सोमवार, 24 फरवरी 2025

पेंच में दिखा दुर्लभ ब्लैक पैंथर

> पत्थर पर आराम फरमा रहा था

नागपुर. विश्वप्रसिद्ध पेंच टाइगर रिजर्व में बाघ, तेंदुआ सहित कई जंगली जानवर पाए जातें हैं। इसी के साथ कई दुर्लभ प्राणी भी पेंच में दिखाई देते हैं। इन्हीं मे से एक है ब्लैक पैंथर। पिछले कुछ दो सालो में पेंच में ब्लैक पैंथर यानी काला तेंदुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि, इसकी संख्या अभ्यारण में केवल एक है। लेकिन इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहाँ पहुंच रहे हैं। इसी बीच ब्लैक पैंथर का नया वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक पत्थर पर बैठकर आराम फरमाता हुआ दिखाई दिया। 15 मार्च, 2024 को पहली बार देखा गया पेंच का काला तेंदुआ जिसे गाइड प्यार से "काला" (हिंदी में जिसका अर्थ काला होता है) कहते हैं। ढाई वर्षीय काला, आंशिक रूप से काला है और इसके शरीर पर स्पष्ट रूप से रोसेट पैटर्न दिखाई देते हैं। काला को आमतौर पर अपनी माँ के साथ देखा जाता है और यह अक्सर पत्तियों या लकड़ियों के घने जंगल से एक झलक या बाहर झांकता है। इसे आमतौर पर शाम के समय घूमते हुए देखा जाता है जब अंधेरा होने लगता है।

प्रभु करते हैं हमारी रक्षा: योगेशकृष्ण महाराज

नागपुर.अगर हम सही हैं और किसी के साथ अन्याय नहीं कर रहे हैं, तो भगवान हमेशा हमारी रक्षा करते हैं। यही विचार शिव मंदिर पंच कमेटी, खलासी लाइन द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथाकार योगेश कृष्ण महाराज ने व्यक्त किए। कथा का आयोजन शिव मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है और इसका समय दोपहर 3 से 7 बजे तक निर्धारित है।

कथावाचक ने प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि प्रह्लाद, असुर राज हिरण्यकश्यप का पुत्र था, लेकिन वह भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। हिरण्यकश्यप को यह स्वीकार नहीं था कि उसका पुत्र विष्णु भक्ति में लीन रहे। उसने प्रह्लाद को मारने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन भगवान विष्णु ने हर बार उसकी रक्षा की।

मेडिट्रिना अस्पताल असुरक्षित, खाली करें

> मनपा अग्निशमन विभाग की ओर से आदेश

नागपुर.

मनपा अग्निशमन विभाग ने मेडिट्रिना हॉस्पिटल को असुरक्षित घोषित कर दिया है। इस मामले में 18 फरवरी को अस्पताल प्रशासन को तत्काल इमारत खाली करने का आदेश दिया है। इस अस्पताल में अग्नि सुरक्षा उपाय योजना के प्रति लापरवाही बरती गई, इसलिए यह कार्रवाई की गई है। 12 फरवरी को मनपा के स्वास्थ्य विभाग ने हॉस्पिटल को नोटिस जारी कर एक माह में अग्नि सुरक्षा मान्यता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए निर्देश दिए थे। अन्यथा अस्पताल का पंजीयन रद्द करने की चेतावनी दी थी। अब मनपा के अग्निशमन विभाग ने हॉस्पिटल को असुरक्षित घोषित कर दिया है, जिससे अब अग्नि सुरक्षा मान्यता प्रमाण-पत्र के रास्ते भी बंद हो गए हैं।

आरोप है कि यह हॉस्पिटल पिछले 13 साल से अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रहा है। अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र न होने के बावजूद हॉस्पिटल चलाया जा रहा है। मनपा ने 20 जनवरी 2012 को अस्पताल को नर्सिंग होम पंजीयन प्रमाण-पत्र दिया था। 13 साल से नवीनीकरण किया जा रहा है, लेकिन आवश्यक अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र नहीं है। अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, 29 प्रकार के जरूरी अग्नि सुरक्षा उपायों का अभाव है। अनधिकृत निर्माण और ऑक्सीजन संयंत्र के कारण अग्निशमन गाड़ियां अस्पताल के पीछे और किनारे के क्षेत्रों में प्रवेश करने में असमर्थ हैं। छत पर एक रसोई घर और स्टोर रूम बनाया गया है। बेसमेंट की पार्किंग जगह का उपयोग जनरेटर और अन्य उपकरणों के लिए किया जाता है।

आमजन से शिकायतें प्राप्त होने के बाद विकास ठाकरे ने 1 जनवरी 2025 को अस्पताल के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई। अग्निशमन विभाग ने 9 जनवरी को अस्पताल को नोटिस भेजा। 17 जनवरी को धरमपेठ जोन ने डॉ. सेलोकर को अनियमितताओं की जानकारी दी। ठाकरे ने मनपा अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले से की। इस पर दखल लेकर पालकमंत्री ने 12 फरवरी को एक बैठक ली। इससे पहले 23 दिसंबर 2020 को भी ठाकरे ने अस्पताल का पंजीयन रद्द करने की मांग की थी।

2019 में किया गया था घोटाले का मामला दर्ज

अस्पताल के निदेशक डॉ. समीप पालतेवार पर 22 जनवरी 2019 को घोटाले का मामला दर्ज किया गया है। उन पर महात्मा ज्योतिबा फुले जन स्वास्थ्य योजना (राजीव गांधी जीवनदायी आरोग्य योजना) में घोटाला किए जाने का मामला दर्ज है। अस्पताल के अन्य निदेशकों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने का आरोप भी है। इस तरह अलग-अलग कारणों से चार बार एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। विधायक विकास ठाकरे ने इस मामले में मनपा के संबंधित अधिकारियों को दोषी बताया है।

12वीं के पेपर लीक की चर्चा से मचा हड़कंप

नागपुर. शनिवार को 12वीं कक्षा (स्टेट बोर्ड) का गणित का पेपर था। परीक्षा शुरू होने के कुछ समय पहले ही पेपर मोबाइल पर वायरल होने की चर्चा से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, गणित के प्रश्नपत्रिका के 'सेक्शन ए' का प्रश्न-पत्र मोबाइल पर वायरल होने की खबर है। हालांकि विभागीय शिक्षण मंडल ने इस तरह के पेपर वायरल होने की खबर को सिरे से खारिज किया है। शनिवार को सुबह 11 बजे पेपर शुरू होना था, किन्तु नागपुर शहर के कुछ केंद्रों पर सुबह 10.30 बजे के आसपास गणित का पेपर मोबाइल पर वायरल होने की जानकारी दी गई। ग्रामीण क्षेत्र के किसी केंद्र से वायरल होने की चर्चा फैली। यह भाग 'सेक्शन ए' में पर्यायवाची प्रश्नों का था। सेक्शन 'ए' के आठ प्रश्नों के लिए 16 अंक हैं। यही हिस्सा मोबाइल पर वायरल करने का दावा किया जा रहा है। कुछ समय में ही जवाब का पर्याय वाला कागज भी मोबाइल पर वायरल होता दिखा। तब तक विद्यार्थी परीक्षा के लिए अंदर जा चुके थे। यह पेपर कुछ ही विद्यार्थियों तक पहुंचने की जानकारी है। पेपर लीक का लाभ कौन-से और कितने विद्यार्थियों को हुआ, यह स्पष्ट नहीं हो सका।

महिला आत्मनिर्भरता का नागपुर पैटर्न: डॉ. यादव

> महिलाओं ने 30 लाख की निधि जुटाई

नागपुर. महिला व बाल विकास विभाग के सचिव डॉ. अनूप कुमार यादव ने कहा कि राज्य में महिलाओं का आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर ऊंचा उठाने विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। नागपुर में 3,000 महिलाओं ने एकजुट होकर 30 लाख रुपये की निधि जुटाई है। यह महिला आत्मनिर्भरता का नागपुर पैटर्न है। महिला आर्थिक विकास निगम इन महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने में मदद करेगा और सरकार भी हर संभव सहायता प्रदान करेगी। डॉ. यादव ने कहा कि नागपुर में मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहिन योजना की लाभार्थी महिलाओं ने एकजुट होकर नागपुर महिला सम्मान क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी की स्थापना की है। इस 30 लाख रुपए की निधि से 3,000 महिलाएं अपना छोटा व्यवसाय शुरू करेंगी। वे इस धन से अन्य महिलाओं को छोटे व्यवसाय शुरू करने पूंजी भी उपलब्ध करा रही हैं। यदि कोई दुर्घटना घटित होती है तो वे मदद करते हैं। सोसाइटी पूंजी पर अर्जित ब्याज पर काम करना जारी रखेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग इस तरह आगे आने वाली महिलाओं के लिए एक "सहायता प्रणाली" भी स्थापित करेगा।

महिला व बाल विकास विभाग के सचिव डॉ. अनूप कुमार यादव ने कहा कि महिलाएं मितव्ययी होती हैं और अपने घर की जरूरतों को पूरा करती हैं। इस योजना के लाभार्थी अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। गांव के छोटे व्यापारियों को भी अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है, क्योंकि वे किराने का सामान खरीदते हैं और अन्य छोटे-बड़े दुकानदार भी इसका लाभ उठाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 7.5 लाख महिला स्वयं सहायता समूह काम कर रहे हैं, जिनमें महिला एवं आर्थिक विकास निगम (एमएवीआईएम) के माध्यम से लगभग 1.5 लाख और महाराष्ट्र ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से लगभग 6 लाख समूह शामिल हैं। यह योजना महिलाओं को एक साथ आने और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से विभिन्न उद्यमशील गतिविधियों को क्रियान्वित करने के लिए धन जुटाने में सक्षम बना रही है।

मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहन योजना से मुख्य रूप से राज्य के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी स्लम बस्तियों की महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। इस प्रकार समाज की जरूरतमंद महिलाओं को इस योजना में शामिल किया गया है। इस योजना से उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने और वित्तीय रूप से सशक्त बनने में मदद मिलेगी।

सदर की जामा 'मस्जिद में मस्जिद परिचय' कार्यक्रम संपन्न

>लोगों की भ्रांतियां हुईं दूर

नागपुर. सदर स्थित कच्छी मेमन जमात जामा मस्जिद में मस्जिद परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अपनी भ्रांतियों को दूर किया। इस कार्यक्रम का आयोजन जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपुर नॉर्थ वेस्ट और सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान इंडिया पीस सेंटर के ट्रस्टी तजेंदर सिंह रावल (सीए) ने कहा कि लोगों के बीच पैदा होने वाली भ्रांतियां दूर होने से आपसी मेल-मिलाप और मुहब्बत बढ़ती है। हमें धार्मिक समानता को समझना चाहिए, क्योंकि हर धर्म का अपना एक तरीका होता है। कार्यक्रम की शुरुआत हाफ़िज़ मुमताज़ुद्दीन मौलवी द्वारा अज़ान से हुई। इसके बाद मदीनातुल उलूम मदरसा के 10 वर्षीय छात्र अब्दुल्लाह अब्दुल मुक़ीत ने नमाज़ और पवित्र क़ुरआन का पाठ किया। प्रो. अय्यूब ख़ान ने नमाज़ और अज़ान का विस्तृत अर्थ समझाते हुए मस्जिद की जानकारी दी। यह मस्जिद कच्छी मेमन जमात द्वारा 125 वर्ष पूर्व 20,000 स्क्वेयर फीट क्षेत्र में बनाई गई थी। मस्जिद के खर्चों की पूर्ति दुकानों के किराए से की जाती है। मस्जिद और ईदगाह के प्लाट को खरीदकर वक़्फ़ कर दिया गया था। मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, उपाध्यक्ष इरफ़ान सुलेमान, सचिव मुहम्मद ज़ुबैर और कोषाध्यक्ष मुहम्मद जुनैद की देखरेख में मस्जिद का संचालन किया जाता है। गर्मी के दिनों में यह मस्जिद पानी वितरण केंद्र बन जाती है, जहां सभी संप्रदाय के लोग पानी लेते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान यहां से मुफ्त भोजन और ऑक्सीजन सिलेंडर वितरित किए गए थे। रमज़ान के दौरान मस्जिद कमेटी पूरे माह रोज़दारों के लिए इफ़्तार का आयोजन करती है, जिसमें प्रतिदिन 250 से अधिक रोज़ेदार रोज़ा खोलते हैं। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने मस्जिद में आकर प्रसन्नता व्यक्त की और इस आयोजन की सराहना की। यह जानकारी जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपुर के मीडिया सचिव डॉ. एम. ए. रशीद ने दी।

महाशिवरात्रि पर सामूहिक लघुरुद्राभिषेक का आयोजन

नागपुर. महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री राधाकृष्ण मंदिर, वर्धमान नगर में 26 फरवरी को सामूहिक लघुरुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अनुष्ठान में विद्वान् पंडितों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक संपन्न होगा।

पूजा का शुभारंभ सुबह 8:30 बजे होगा, जिसमें जल, पंचामृत, शहद, घी, गन्ने का रस और नारियल पानी से भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाएगा। इस आयोजन के मुख्य यजमान हितेश झंवर, उमाकांत अग्निहोत्री, सुभाष रान्दड़ सहित कुल 40 दंपत्ति होंगे, जो शिवजी का लघुरुद्राभिषेक संपन्न करेंगे। मंदिर परिसर में सुबह से ही शिव आराधना एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। शाम

को भगवान शिव की भव्य एवं आकर्षक सेज के दर्शन भक्तों को प्राप्त होंगे। इसके पश्चात् रात 7 से 9 बजे तक महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के मैनेजिंग ट्रस्टी पवनकुमार पोद्दार ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस पवित्र अनुष्ठान में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस आयोजन की सफलता हेतु मुरारीलाल अग्रवाल, मधुसूदन सारडा, मुकेश खंडेलवाल, नारायण सारडा, गोविंद बाहेती, ऋषिकुमार खुंगर, गिरिराज बियाणी, हरीश राठी, विष्णु अग्रवाल, पुनीत जोशी, रेखा जोशी, मिताली जोशी, सुनीता अग्रवाल, शोभा मनियार, उषा सारडा, मोनू अग्रवाल, उमादेवी केसान, गीता धुत, सीमा पोद्दार, संध्या खेतान, पुष्पा काबरा, डॉली पोपली, संतोष पुनयानी, झलक केसान, रौशनी जुनेजा, रेनू शाह, मधु राठौर, तेजल जोशी, सुप्रिया केसान, आंचल भोजवानी, जयश्री बियाणी सहित अन्य श्रद्धालु पूर्ण प्रयासरत हैं।

धंतोली में 3 अवैध तबेलों पर कार्रवाई

नागपुर. धंतोली के चांडक ले-आउट में अवैध रूप से संचालित तीन तबेलों को ढहा दिया गया है। कार्रवाई के दौरान तबेले के करीब 60 से अधिक जानवरों को गौशाला में भेजा गया। धंतोली जोन के सहायक आयुक्त प्रमोद वानखेड़े के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की है। इसके पहले तबेले के संचालक अनिल धांडे को मनपा से अतिक्रमण और स्वच्छता उल्लंघन को लेकर नोटिस दिया गया था।

नपा से महाराष्ट्र क्षेत्रीय और नगर नियोजन (एमआरटीपी) अधिनियम, 1966 की धारा 55 के तहत तबेले पर कार्रवाई से पहले भी नोटिस देकर जानकारी मांगी गई थी। तबेला संचालक द्वारा जमीन के मालिकाना अधिकार समेत अन्य दस्तावेजों को प्रस्तुत नहीं कर पाने पर अतिक्रमण निर्मूलन की कार्रवाई की गई।

शहर में 1043 से अधिक अवैध तबेलों का संचालन हो रहा है। इन तबेलों में जानवरों की गंदगी के चलते परिसर के नागरिकों को स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर गंभीर खतरे हो रहे हैं। आसपास गंदगी से मच्छर समेत संक्रामक बीमारियों का प्रसार होने की संभावना भी बन रही है। मवेशियों को रास्तों पर खुला छोड़ने से दुर्घटना की भी आशंका बन जाती है। धंतोली जोन की इस कार्रवाई से शहर में अवैध तबेलों को हटाने की उम्मीद बंध गई है।

कुछ दिन पहले अनिल धांडे के तबेले के शेड में भीषण आग लग गई थी। इस आग में 14 बछड़े समेत चार गायें बुरी तरह से झुलस गई थीं। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मनपा आयुक्त अभिजीत चौधरी से मुलाकात कर निवेदन सौंपा था। निवेदन में अवैध रूप से संचालित तबेलों के चलते परिसर में गंदगी और सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर समस्या होने की जानकारी दी गई थी। निवासी इलाके से अवैध रूप से संचालित तबेले को हटाने की भी मांग की गई थी। इस मांग के बाद मनपा आयुक्त डॉ. अभीजित चौधरी ने तत्काल सर्वेक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मनपा के सर्वेक्षण में तीन टीन शेड समेत करीब 70.66 वर्ग मीटर क्षेत्र में अतिक्रमण कर तबेले के संचालन होने का खुलासा हुआ था। ऐसे में धंतोली जोन कार्यालय को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था।

कोराड़ी पावर प्लांट की राख में 3 दिन फंसे रहे 4 मवेशी

नागपुर. कोराडी पावर प्लांट से आने वाली राख के चलते पुराना तालाब अब राख के ढेर में तब्दील हो गया है। नारा रोड पर रेलवे ट्रैक के समीप मंगलवार की शाम 4 जानवर दलदल में फंस गए। दलदल में जानवरों के फंसने की जानकारी शुक्रवार की शाम को जानवरों के मालिक संजय वैद्य को मिली। उन्होंने इसकी सूचना मनपा के अग्निशमन दल को दी। कई घंटे की मशक्कत के बाद एक गाय और एक भैंस को सुरक्षित निकाल लिया गया। दलदल और अंधेरे के कारण अन्य दो भैंसों को शनिवार को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका।

जानकारी के अनुसार, कोराडी पावर प्लांट से पाइप लाइन की सहायता से तालाब में राख छोड़ी जाती है। मंगलवार को नारा निवासी संजय वैद्य के 4 जानवर पानी की तलाश में तालाब के राख वाले हिस्से में पहुंच गए। इनमें 3 भैंस और एक गाय राख की दलदल में फंस गईं। दो दिन गाय-भैंस नहीं लौटने पर संजय शुक्रवार की शाम को खोजबीन करते हुए तालाब पर पहुंचे। मवेशियों को वहां फंसा देख शाम 7.30 बजे मनपा के अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही सुगत नगर के कर्मचारी अग्निशमन वाहन (एम.एच.-31-एफ.सी.-2830) के साथ मौके पर पहुंचे और रात 8 बजे जानवरों को दलदल से निकालने का प्रयास शुरू किया। पूरे इलाके में दलदल और गहरा अंधेरा होने से कर्मचारियों को खासी परेशानी हो रही थी, लेकिन कई घंटों की मेहनत के बाद शनिवार को तड़के 3 बजे एक गाय और एक भैंस को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.

|| द्वितीय पुण्यस्मरण ||

छलक जाती हैं आँखें हमारी,
देखकर प्यारी तस्वीर तुम्हारी,
मिले आत्मा को शांति तुम्हारी,
यही ईश्वर से प्रार्थना हमारी।

श्री. नलिनभाई खारा
1961 - 2023

खारा परिवार
समस्त कॉन्फिडेंस परिवार

Confidence GROUP
go gas

23 पुलिस निरीक्षकों के आंतरिक तबादले

> नागपुर विभाग में बड़ा फेरबदल

नागपुर.

शहर पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर फेरबदल हुआ है। शनिवार को पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल के आदेशानुसार 23 पुलिस निरीक्षकों के तबादले किए गए। इन सभी पुलिस निरीक्षकों को तुरंत उनकी नियुक्ति के स्थान पर हाजिर होने की भी आदेश दिए गए हैं।

पुलिस आयुक्त डॉक्टर सिंगल के आदेश के बाद शनिवार को पुलिस निरीक्षकों के तबादलों की यह लिस्ट जारी की गई। साइबर थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अमित डोलस को प्रतापनगर पुलिस थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, प्रतापनगर के पीआई महेश सागडे को विशेष शाखा का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा, अंबाझरी के थानेदार विनायक गोल्हे को आर्थिक अपराध शाखा भेजा गया है, जबकि तहसील के थानेदार संदीप बुवा को अपराध शाखा यूनिट-5 की जिम्मेदारी दी गई है। सीताबर्डी के थानेदार चंद्रशेखर चकाटे को भी आर्थिक अपराध शाखा में तैनात किया गया है। पुलिस आयुक्त कार्यालय के वाचक पुलिस निरीक्षक शरद कदम को यातायात परिमंडल इंदोरा में भेजा गया है। वहीं, कलमना के पुलिस निरीक्षक सतीश आडे को कपिलनगर और अपराध शाखा यूनिट-3 के पीआई मुकुंद ठाकरे को सक्करदरा का थानेदार बनाया गया है। बजाजनगर के पुलिस निरीक्षक (अपराध) बलीराम सुतार को साइबर पुलिस स्टेशन भेजा गया है, जबकि जरीपटका के पीआई संजय सिंह को तहसील थाने की कमान दी गई है।

मोहनकर, पोरे और टाले को नई जिम्मेदारियां

इसके अलावा, कोतवाली के थानेदार अतुल मोहनकर को यातायात परिमंडल सक्करदरा, नई कामठी के थानेदार प्रमोद पोरे को यातायात विभाग कॉटन मार्केट और इमामवाड़ा के थानेदार रमेश टाले को आर्थिक अपराध शाखा में तैनात किया गया है।

वाड़ी में यातायात पुलिस की अनूठी पहल

> हेलमेट वितरण अभियान

वाड़ी.

नागपुर शहर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र सिंगल के मार्गदर्शन में शनिवार सुबह 11 बजे वाडी टी-प्वाइंट पर एमआईडीसी यातायात पुलिस विभाग द्वारा हेलमेट वितरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर वितरित किए गए और उन्हें सड़क सुरक्षा का संकल्प पत्र भरवाया गया।

इस अवसर पर एमआईडीसी जोन के एसीपी सतीश गुरव ने उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में जानकारी दी। वहीं, एमआईडीसी यातायात विभाग के पीआई सारंग मिराशी ने यात्रियों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी देते हुए हेलमेट और सीटबेल्ट जैसे सुरक्षा उपायों को अपनाने की सलाह दी। अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों को सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। यातायात पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझाया कि हेलमेट पहनने से न केवल उनकी जान बच सकती है, बल्कि यह नियमों के तहत भी आवश्यक है। इसके साथ ही, वाहन चालकों को यह भी बताया गया कि मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाना और यातायात सिग्नल का उल्लंघन करना दुर्घटनाओं के मुख्य कारण बनते हैं। यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान के तहत कई लोगों को हेलमेट वितरित किए गए और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

स्थानीय लोगों ने की सराहना

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक सराहनीय कदम बताया। उन्होंने एमआईडीसी यातायात पुलिस विभाग के इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे अभियान समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि यातायात नियमों के प्रति जनजागृति बनी रहे और सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस दौरान एमआईडीसी जोन एसीपी सतीश गुरव, यातायात पीआई सारंग मिराशी, एपीआई विजय धूमाड़, एचसी शांताराम देशमुख, अश्विन मिश्रा, सुजीत पांडे, संदीप मावलकर, प्रफुल्ल भगत, नितिन कनौजिया, रामेश्वर तरडे, विशाल ठाकुर, विक्की धुर्वे सहित कई यातायात पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

खापरखेड़ा के स्काउट्स और गाइड्स की स्वर्णिम सफलता

खापरखेड़ा.

महाराष्ट्र राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स और नागपुर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कार्यालय के संयुक्त सहयोग से वर्ष 2024-25 के शैक्षणिक सत्र में आयोजित राज्य पुरस्कार परीक्षा का हाल ही में परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा में खापरखेड़ा और पारशिवनी के स्काउट्स एवं गाइड्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। खापरखेड़ा स्काउट्स एवं गाइड्स ओपन ग्रुप के स्काउट मास्टर शेखर कोलते के मार्गदर्शन में इस वर्ष आयोजित राज्य पुरस्कार परीक्षा में स्काउट गौरव सिंग, सोमेल चवरे, ओम भोगे, नीलेश बिसन, हर्षल नागोसे, निलेश बोरसरे, हिमांशु शिदुरकर और गाइड वैदवी बागड़े, त्रिवेणी तांडेकर, प्रतीक्षा तांडेकर, इशिता कच्छावे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। सफलता प्राप्त करने वाले सभी स्काउट्स और गाइड्स अब स्काउट मास्टर शेखर कोलते के मार्गदर्शन में राष्ट्रपति पुरस्कार परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। राज्य पुरस्कार परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले इन होनहार स्काउट्स और गाइड्स को नागपुर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला कार्यालय के स्काउट जिला संघटक सत्यशील पाटिल, गाइड जिला संघटक मंजूषा जाधव, शिविर प्रमुख रमेश जाधव, घनश्याम बारापात्रे, अरुण तल्हार, खापरखेड़ा स्काउट्स एवं गाइड्स ओपन ग्रुप की रेंजर सानिया सैय्यद, बिकन ओपन ग्रुप के सुनील गनेर, आम्रपाली गनेर, प्रतीक कनाके, रंजीता गजभिए, जयश्री थुल, प्लाजमा स्कूल एवं जूनियर कॉलेज के प्राचार्य ए. के. मैथ्यू, शंकरराव चव्हाण इंग्लिश प्राइमरी स्कूल की प्राचार्या मोनाली सुरकार ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

संत गजानन महाराज प्रगट दिन मनाया गया

सावनेर.

श्री संत गजानन महाराज देवस्थान सारस्वतधाम न्यू बोरुजवाड़ा में "संत गजानन महाराज प्रगट दिन महोत्सव" हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन में अभिषेक, पारायण, भजन, हरिपाठ, कीर्तन, पालकी यात्रा और महाप्रसाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संत गजानन महाराज मंदिर से भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न भजन मंडलियों ने भाग लिया। ताल-मृदंग की गूंज से पूरा बोरुजवाड़ा नगर भक्तिमय हो उठा। राष्ट्रीय कीर्तनकार डॉ. सचिन महाराज काले द्वारा कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। भक्तों ने कीर्तन का आनंद लिया और गोपाल काला कीर्तन के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की सफलता में राजूभाऊ कांबे, विजय ठवले, प्रवीण रणदिवे, दामोदर मदने, भोजराज सोनकुसले, सरपंच प्रवीण झाडे, विजय गायकवाड़, दादाराव मांडवगडे, मनोज निंबालकर, पारेश्वर निंबालकर, चिंतामन झाडे, धनराज निंबालकर, राजेश निंबालकर, राजू कोडे, सागर झाडे, अमित धमदार, बाबाराव झाडे, सुरेश येवलेमेंद्र भोंगाडे आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के अनेक भक्तों और ग्रामीणों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

भीम शक्ति कामगार संगठन के प्रवीण बागड़े अध्यक्ष नियुक्त

कामठी. भीम शक्ति संगठना की वरिष्ठ कार्यकारिणी की एक बैठक में संस्थापक अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद चंद्रकांत हंडोरे एवं महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष साहेबराव गवई के आदेशानुसार में भीम शक्ति कामगार यूनियन संगठना विदर्भ प्रदेश अध्यक्ष अर्जुनराव काकडे द्वारा प्रवीण धर्मराज बागड़े नागपुर ज़िला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई। प्रवीण बागड़े को उनकी संगठन के प्रति विशिष्ट सेवाओं व योगदान के फलस्वरूप प्रदेश ज़िला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे हमेशा क्षेत्र की जनता की सेवा में समर्पित रहेंगे और संगठनात्मक विकास के लिए निरंतर प्रयास रहेंगे।

तीन शताब्दी पुराना वाकोड़ी का शिवलिंग

सावनेर.

> रहस्यमयी रक्त के निशानों के साथ प्राचीन धरोहर

विदर्भ में कई ऐतिहासिक और प्राचीन धरोहरें हैं, जहां श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है। इनमें से एक महत्वपूर्ण स्थल वाकोड़ी ग्राम का शिव मंदिर है, जो नागपुर से 33 किमी तथा सावनेर से 20 किमी की दूरी पर स्थित है। इस मंदिर की खासियत यह है कि यहां स्थापित शिवलिंग पर आज भी रहस्यमयी रक्त के निशान देखे जा सकते हैं।

माना जाता है कि लगभग 300 वर्ष पहले हिमालय से आए तपस्वी संत दशरथ गिर महाराज ने इस शिवलिंग की विशेषता को समझते हुए यहां घोर तपस्या की थी। कहा जाता है कि उन्होंने सात दिवसीय तपस्या का संकल्प लिया, लेकिन चौथे दिन गांववालों द्वारा दरवाजा खटखटाने से उनकी साधना भंग हो गई। इससे व्यथित होकर उन्होंने अपने त्रिशूल से अपना शीश काटकर भगवान शिव का रक्ताभिषेक किया। तब से लेकर आज तक शिवलिंग पर रक्त के निशान देखे जा सकते हैं, जो इस मंदिर की रहस्यमयता को और भी बढ़ाते हैं। करीब 16 एकड़ में फैले इस प्राचीन शिव मंदिर का निर्माण 60 से अधिक स्तंभों पर हुआ है। मंदिर के पास से बहने वाली कन्हान नदी इसकी सुंदरता को और बढ़ाती है। मंदिर का गर्भगृह, काले पत्थरों से निर्मित शिवलिंग और उसके ऊपर दिखने वाले रक्त के निशान श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करते हैं। मंदिर का जीर्णोद्धार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष देवीदास मदनकर, सचिव अतुल बांगरे और उपाध्यक्ष रघुनंदन पराते इसके विकास के लिए प्रयासरत हैं। मंदिर में पहले एक अष्टधातु का विशाल घंटा था, जिस पर 1294 अंकित था, लेकिन 15 वर्ष पहले यह चोरी हो गया। अब इस मंदिर को पुरातत्व विभाग द्वारा ऐतिहासिक धरोहर घोषित करने की मांग की जा रही है। महाशिवरात्रि, सावन मास और नवरात्रि के दौरान यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। यहां आने वाले श्रद्धालु आध्यात्मिक शांति का अनुभव करते हैं और मान्यता है कि जो भी यहां भोलेनाथ के दर्शन करता है, उसकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। 10 मार्च को विशेष आयोजन – ह. भ. प. टेकेश्वरनंद महाराज द्वारा गोपाल काला कीर्तन (दोपहर 11 से 2 बजे) और शाम 7 बजे महाप्रसादm वाकोड़ी का यह प्राचीन शिव मंदिर धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। इसकी अलौकिक विशेषता और आध्यात्मिक महत्व हर शिव भक्त को यहां खींच लाते हैं।

बेसा महोत्सव में सिने कलाकारों ने बांधा समां

> नए नागपुर के रूप में उभरेगा बेसा

नागपुर.

शनिवार को बेसा नगर पंचायत परिसर में भव्य बेसा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मराठी फिल्म और छोटे पर्दे के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया, और पूरा मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा।

महोत्सव का उद्घाटन पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर ने किया, जबकि राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कार्यक्रम में मौजूद सिने कलाकारों को मानचिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत प्रशासक भारत नंदनवार, बेसा के पूर्व सरपंच, उपसरपंच और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 'चला हवा येऊ द्या' फेम सेवा बुराडे, भरत गणेशपुरे और आतिश तेलंग ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, इंडियन आइडल फेम अली ने अपने गीतों से पूरे माहौल को और भी जीवंत बना दिया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने घोषणा की कि स्वामित्व योजना के तहत लोगों को उनके घरों का मालिकाना हक दिया जाएगा और बेसा को आदर्श नगर पंचायत बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा, "बेसा को नए नागपुर के रूप में पहचान मिलेगी, और इसका विकास मुंबई की तर्ज पर किया जाएगा। यह राज्य की सबसे सुंदर नगर पंचायत बनेगी। पिछले दो वर्षों में बेसा नगर पंचायत के तहत 80 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम किया गया है। नगर पंचायत प्रशासक भारत नंदनवार ने विश्वास जताया कि बेसा को महाराष्ट्र में नंबर वन नगर पंचायत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, "जो भी निधि हमें प्राप्त हुई है, उससे हम पूरी क्षमता से काम करेंगे। संत राष्ट्रकडोजी महाराज के आदर्शों का पालन करते हुए हम बेसा को राज्य में पहले स्थान पर लाने का प्रयास करेंगे। अगर सभी का सहयोग बना रहा, तो बेसा महाराष्ट्र की नंबर वन नगर पंचायत बनेगी। कार्यक्रम की सफलता के लिए नगर पंचायत प्रशासक अजय वाघमारे, मोहित राजनकर और नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

शासन संत गाडगे बाबा स्वच्छता मिशन लागू करेः कुंभारे

कामठी. संत गाडगे बाबा ने बड़ी संख्या में अंधविश्वास, जाति, समाज में कुपोषण क्षेत्रों में काम किया और संत गाडगे बाबा ने स्वच्छता के लिए बहुत महत्व दिया, उन्होंने कहा कि स्वच्छता की आवश्यकता केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक पवित्रता के लिए भी है।संत गाडगे बाबा के विचारों से प्रेरित होकर पूर्व मंत्री स्व आर.आर.पाटिल ने महाराष्ट्र में संत गाडगे बाबा महाराज स्वच्छता अभियान शुरू किया था। सुलेखा कुंभारे ने कहा कि जब वह राज्यमंत्री थी, इस महत्वाकांक्षी अभियान के अवसर पर महाराष्ट्र के गांवों और शहरों में स्वच्छता प्रतियोगिता परीक्षा के लिए जाने का अवसर मिला।उपरोक्त वक्तव्य व्यक्त करते हुए पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे ने संत गाडगे बाबा की 19 वीं जन्म वर्षगांठ के अवसर पर उनकी स्मृति का अभिवादन करते हुए अभिवादन व्यक्त किया।

निर्माण कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज

> एनएचएआई को भेजा गया नोटिस

नागपुर.

केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के विभाग द्वारा पूर्वी नागपुर में बनाया गया फ्लाईओवर उद्घाटन के दूसरे ही दिन ढह गया, जिससे एक युवक की कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस मामले में वाठोडा पुलिस ने कार मालिक की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस पुल के निर्माण के लिए जिम्मेदार एनएचएआई अधिकारियों को भी नोटिस जारी किया गया है।

कार मालिक विशेष श्रीवास्तव शुक्रवार को अपनी कार से पारडी पुल के नीचे से गुजर रहे थे। इसी बीच पारडी फ्लाईओवर का प्लास्टर का एक टुकड़ा श्रीवास्तव की कार पर गिर गया। कार को करीब एक से डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इसलिए, विशेष श्रीवास्तव ने कार को हुए नुकसान की भरपाई के लिए वाठोडा पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

इस मामले में वाठोडा पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एनएचएआई अधिकारियों को भी नोटिस जारी कर संबंधित जिम्मेदार व्यक्ति के बारे में पूछताछ की गई है।

मामला दर्ज होते ही हड़कंप मच गया और अब पुलिस कार मालिक विशेष श्रीवास्तव की लिखित शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

32 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र वितरित

कोंढाली.

ग्राम पंचायत मासोद में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) चरण-2 के अंतर्गत 32 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। यह योजना सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को अपने घर का अधिकार मिले और कोई भी इस सुविधा से वंचित न रहे। दिनांक 22 फरवरी को ग्राम पंचायत मासोद में सरपंच रंजू प्रकाश बारंगे और उपसरपंच रूपराव गोंडाने ने 32 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। यह योजना गरीबों के अपने घर के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर काटोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक चरणसिंह ठाकुर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनायक महामुनि, ग्रामीण विकास विभाग के उपायुक्त कमल किशोर फुटाने, जिला ग्रामीण विकास प्रकरण की परियोजना निदेशक वर्षा गौरकर, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी विपुल जाधव, काटोल बीडीओ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में यह प्रक्रिया पूरी की गई। ग्राम पंचायत मासोद के इस कार्यक्रम में सरपंच रंजू प्रकाश बारंगे, उपसरपंच रूपराव गोंडाने, ग्राम पंचायत सदस्य महादेवराव खवसे, वंदना धारपुरे, प्रभा कलभुत, मीराबाई चोपड़े, वच्छला बाई वरठी, ग्राम पंचायत सचिव तुषार सातपुते, ग्राम पंचायत कर्मचारी रोजगार सेवक साहेबराव डोंगरे सहित सभी 32 लाभार्थी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय सुविधा प्रदान करने और समाज के हर वर्ग को अपने घर का सपना साकार करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

नागपुर रेलवे स्टेशन के आउटर इलाके में बढ़ता जा रहा अपराधियों का दबदबा

नागपुर.

नागपुर रेलवे स्टेशन के आउटर इलाके में अपराधियों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। मंगलवारी ब्रिज के नीचे रेलवे की ज़मीन पर खुलेआम गांजे की दुकान चल रही है। यहां 100 रुपये में गांजे का पैकेट खरीदना बेहद आसान हो गया है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि रेलवे सुरक्षा बल और लोहमार्ग पुलिस को इसकी भनक तक नहीं या फिर वो जानबूझकर इसकी अनदेखी कर रहे हैं। नागपुर रेलवे आउटर इलाके में दिन-दहाड़े गांजे की अवैध बिक्री हो रही है। यहां ट्रेनें धीमी होने

के कारण नशे के आदी यात्री उतरकर गांजा खरीदते हैं और वापस ट्रेन में सवार हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में पहले देसी शराब बेची जाती थी, लेकिन अब नशे का धंधा और बढ़ चुका है।

यहां हर दिन अपराधी और नशेड़ी इकट्ठा होते हैं। यात्रियों की सुरक्षा खतरे में है, लेकिन पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही। रेलवे परिसर में लगातार बढ़ते अपराधों से यात्रियों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। पहले यहां शराब और जुए का अड्डा चलता था और अब खुलेआम गांजा बेचा जा रहा है।

भीर अपराध को किया जा रहा नजरअंदाज

आरपीएफ और जीआरपी सिर्फ चोरों की धरपकड़ में लगी हैं, जबकि इस गंभीर अपराध को नजरअंदाज किया जा रहा है। अब देखना होगा कि क्या रेलवे प्रशासन और पुलिस इस अवैध धंधे पर लगाम लगाएगी, या फिर नागपुर रेलवे आउटर इसी तरह अपराधियों का अड्डा बना रहेगा।

राष्ट्रसंत गाडगेबाबा जयंती पर तेजस ने किया सम्मान समारोह

कामठी.

संत गाडगे बाबा कि 149 जयंती के अवसर पर तेजस बहुउद्देशीय संस्था की ओर से संत गाडगे बाबा समाज सेवा रत्न जिन्होंने कामठी में समाज को आगे बढ़ने के लिए अथक प्रयास किया है और अब बढ़ती उम्र होने पर भी समाज को अपनी सेवा दे रहे है उनमें रामय्या कोतपल्लीवार, कपूर कनोजिया गुरुजी, जगन्नाथ फाले, आंनद मामडीवार (नागपुर) सहित समाज सेवा में जीवन समर्पण करने वाले चंद्रपाल चौकसे, इरशाद खान मौलाना (वृद्ध आश्राम उमरेड) , श्रीमती सविता पांडे को संत गाडगे बाबा समाज सेवा रत्न सम्मान पत्र, स्मृतिचिन्ह, तुलसी का पौधा, शॉल देकर सम्मानित किया।

वहीं विशेष सत्कार मूर्ति में श्यामकुमार बर्वे सांसद रामटेक लोकसभा क्षेत्र, राजू तोड़साम विधायक आर्नी विधानसभा क्षेत्र भाजपा, एड.सुलेखा कुंभारे को अशोक स्तम्भ, तुलसी पौधा, शॉल देकर संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर साथ ही संस्था के वरिष्ठ मार्गदर्शक डॉ. राजेन्द्र चौधरी, सुनील चोखारे, नकुल अरगुलेवार, दिलीप चौधरी को भी सम्मानित किया गया। समाज के बबन अगुटलेवार, दशरथ गंगराज, संजय कनोजिया, नप पूर्व उप सभापति श्रावण केझरकर, प्रा. पराग सपाटे मुख्य रूप से उपस्थित थे। अर्जुन उपासे, शंकर बर्मन संस्था सचिव किशन अरगुलेवार, उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे , रोशन क्षीरसागर, मिजवां रहमान, सफीक रहमान, विरेन्द्र कडीखाये, रफीक रहीम शेख, तेजस अरगुलेवार, अभय पेटारे, अक्षद मेश्राम, अभिनव सहारे ने संत गाडगे बाबा की 149 जयंती की सफल बनाने में कड़ी मेहनत किए।

गाडगेबाबा की वेशभूषा में विरेन्द्र कडीखाये के पुत्र मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रस्ताविक चंद्रशेखर अरगुलेवार तथा मंच संचालन रोशन क्षीरसागर व आभार प्रदर्शन वीरेंद्र कडीखाये ने किया ।

सरकार सीसीआई गारंटी के साथ कपास खरीदे

> कृषि आय बाजार समिति के सभापति की मांग

>तकनीकी दिक्कत से रुकी कपास खरीदी, किसानों को भारी नुकसान

वर्धा.

पिछले कुछ दिनों से सीसीआई (कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा गारंटीकृत कपास खरीद प्रक्रिया बंद कर दी गई है। वर्तमान में बाजार मूल्य और सरकारी गारंटी कीमतों में बड़ा अंतर होने से किसान आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए कृषि आय बाजार समिति के सभापति अनिल गावंडे ने मांग की है कि सीसीआई को गारंटी के तहत कपास की खरीद फिर से शुरू करनी चाहिए।

वर्धा कृषि बाजार समिति में आयोजित पत्रकार परिषद में यह मांग उठाई गई। इस दौरान हिंगनघाट कृषि उपज बाजार समिति के सभापति एड. सुधीर कोठारी, सिंदीरेल्वे समिति के अध्यक्ष केशरचंद खंगार, आर्वी कृषि बाजार समिति के अध्यक्ष संदीप काले, वर्धा उपसभापति पांडुरंग देशमुख, हिंगनघाट के उपाध्यक्ष हरीश वडतकर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में यह भी मांग उठी कि सरकार को तुर और हरभरा की गारंटी के साथ खरीदी शुरू करनी चाहिए। वर्तमान में केवल पंजीकरण किया जा रहा है, लेकिन खरीद प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हुई है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार को किसानों को सही दाम दिलाने के लिए तुर और हरभरा की खरीद जल्द से जल्द करनी चाहिए।

वर्धा कृषि उपज बाजार समिति के अध्यक्ष अनिल गावंडे ने बताया कि तकनीकी समस्याओं के चलते सीसीआई ने कपास की खरीदी बंद कर दी है। सॉफ्टवेयर की खराबी की वजह से लगभग दस दिनों से यह प्रक्रिया रुकी हुई है, जिससे किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। अगर कपास को बाजार में बेचा जाता है, तो किसानों को प्रति क्विंटल भारी नुकसान हो रहा है।

सरकार जल्द से जल्द उठाए ठोस कदम

हिंगनघाट कृषि आय बाजार समिति के सभापति एड. सुधीर कोठारी ने कहा कि सरकार को तुरंत सॉफ्टवेयर की मरम्मत करवाकर कपास की खरीदी शुरू करनी चाहिए। अगर सरकार जल्द कार्रवाई नहीं करती है तो किसानों की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों ने सरकार से आग्रह किया कि कपास, सोयाबीन, तुर और हरभरा की गारंटी में खरीदी जल्द से जल्द शुरू हो ताकि किसानों को राहत मिल सके।

3 वृक्ष प्रत्यारोपण मिशन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सफल कदम

हिंगनघाट. एक ओर जहां छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पूरे महाराष्ट्र में उत्साह के साथ मनाई जा रही है, वहीं पर्यावरण संरक्षण संगठन ने 3 बड़े पेड़ों का प्रत्यारोपण करके शिवाजी की पर्यावरण संरक्षण नीति को लागू किया। और सही मायनों में यह शिवाजी को श्रद्धांजलि थी। हिंगनघाट न्यायालय के नए भवन के निर्माण में वहां पहले से मौजूद कुछ पेड़ों के कारण बाधा आ रही थी। पर्यावरण संरक्षण संगठन की भूमिका सभी पेड़ों को बचाना थी। लेकिन चूंकि यह संभव नहीं था, इसलिए कुछ वैकल्पिक उपाय अपनाए गए और 8 में से 3 पेड़ों को पूरी तरह बचा लिया गया। संगठन ने शेष पेड़ों को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया था। तदनुसार, यह अभियान छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर क्रियान्वित

किया गया।

इस बार दिगंबर खांडरे सर के नेतृत्व में 3 पेड़ों का प्रत्यारोपण किया गया। उखाड़े गए पेड़ों को बीएसएनएल कार्यालय के बगल के मैदान में लगाया गया। इस कार्य में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कुल 8 घंटे लगे। यह अत्यंत कठिन एवं श्रमसाध्य कार्य अजय वानखेड़े, विनय मोरे, प्रमोद माथनकर, नीलेश बलखंडे, रोहन बंसोड़, एडवोकेट द्वारा किया गया। ओमप्रकाश भोयर, धनराज कुंभारे, सचिन ऐलकुंचवार, उमेश डेकाटे, सतीश नक्षीने, लकी खोलोसिया अतुल नांदगावली आदि ने कड़ी मेहनत की। एमएसईबी के कार्यकारी अभियंता हेमंत पावड़े सर इन पेड़ों के स्थानांतरण की प्रक्रिया को देखने के लिए उपस्थित थे। इस वृक्ष स्थानांतरण प्रक्रिया के लिए प्रशासनिक सहायता भी प्रदान की गई। इस वक्त हाइड्रा मालिक दीपक जोशी का अनुभव काम में आया लोक निर्माण विभाग के म्यूनिसिपल ट्री ऑफिसर विशाल ब्रह्मणकर उपस्थित थे.

आवास योजना के 40 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण

समुद्रपुर. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शनिवार 22 को पुणे में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण चरण 2 के 20 लाख लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और महा आवास अभियान के तहत राज्य के 10 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त वितरित करेंगे। हिंगणघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर कुणावर के मार्गदर्शन में मोहगांव ग्राम पंचायत कार्यालय में दोपहर 3 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थी स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच विलास नवघरे ने की, जबकि ग्राम पंचायत सदस्य प्रणालीताई वांधारे, सुनीताई वाघाड़े, राजू परचाके, तंतमुक्त सामी अध्यक्ष अनिल धोटे, नोडल अधिकारी, प्राचार्य रमेश वाघमारे, शिक्षक सुदाम थोरात आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपस्थित लाभार्थियों को टीवी पर पुणे में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। उसके बाद, सभी 40 प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थी स्वीकृति प्रमाण पत्र सरपंच विलास नवघरे द्वारा वितरित किए गए। इस दौरान, उपस्थित लाभार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। सरपंच विलास नवघरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की है और आज इस योजना का दूसरा चरण है। हिंगणघाट विधानसभा क्षेत्र के सभी पात्र लाभार्थियों को घर उपलब्ध कराने के लिए विधायक समीरभाऊ कुणावर ने स्वयं पहल की थी, जिसके कारण आज हमारे गांव में इतनी बड़ी संख्या में घर स्वीकृत हुए हैं। हालांकि यह घर आपको सरकार की ओर से दिया गया है, इसलिए इसके लिए किसी को एक भी रुपया देने की जरूरत नहीं है। अगर कोई पैसे की मांग करता है तो वे सीधे मुझसे शिकायत करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता छाया और , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शशिकला कापसे, रोजगार सेवक दुर्योधन मोकाशी, ग्राम पंचायत कर्मचारी अरुण ठाकरे आदि ने भाग लिया।

बाघ के हमले में बैल और बछड़े की हुई मौत

समुद्रपूर.

एक बाघ ने एक ही दिन में एक बछड़े और एक बैल पर हमला कर उसे मार डाला, जिससे इलाके में काफी हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 फरवरी की रात करीब 11 बजे बाघ ने चोरवीरा शिवरा में दोबारा प्रवेश किया और राजू भास्कर तेलरांडे के 60 हजार रुपए कीमत के बैल को अपना शिकार बना लिया। सुबह-सुबह नारायण तेलरांडे के 10,000 रुपये मूल्य के मवेशियों पर हमला कर उन्हें मार डाला गया। घटना की जानकारी मिलने पर वन संरक्षक अधिकारी नीलेश गावंडे ने संबंधित रेंजर पी.एस.नेहारे, वनरक्षक पी. डी। बेले वनरक्षक नीता दादमल, राजू दार्वेकर, अशफाक पठान ने मौके पर जाकर पंचनामा बनाया। इस समय पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगश राघरथाई ने शव का पोस्टमार्टम किया। बाघ की निगरानी के लिए वन विभाग की ओर से दोनों स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं।

शिवसेना (उबाठा गुट) में बड़ा उलटफेर, शिंदे गुट में प्रवेश

कारंजा घाडगे. कारंजा तहसील में शिवसेना उद्धव बालासाहब ठाकरे के जिलाप्रमुख आशिष पांडे के फैसले से हलचल मच गई है। पांडे ने तालुका की पुरानी कार्यकारिणी को बरखास्त कर नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसके विरोध में शिवसैनिकों में असंतोष फैल गया। खासकर, कारंजा तालुका के पूर्व प्रमुख संदीप भिसे ने इसे लेकर बगावत की और शिंदे गुट में शामिल हो गए। संदीप भिसे ने कारंजा तहसील में कई महत्वपूर्ण आंदोलनों का नेतृत्व किया था, जैसे किसानों का सवाल, विद्यार्थी एस.टी. बसेस का मुद्दा और गड्ढे भरने के लिए किया गया आंदोलन, जो चर्चा का विषय बने थे।

जिला प्रमुख के अचानक किए गए निर्णय से नाराज होकर, तालुका के शिवसैनिकों और पदाधिकारियों ने शिंदे गुट में प्रवेश किया। इस घटनाक्रम के बाद संदीप भिसे ने कहा कि वे कारंजा तालुका में गरीबों और जनता के मुद्दों को लेकर और मजबूत काम करेंगे। जिला प्रमुख का अविचारपूर्ण निर्णय मेरे लिए अस्वीकार्य था। मुझे तालुका प्रमुख के पद से अचानक हटा दिया गया, जबकि हम गांव-गांव में संगठन को मजबूत कर रहे थे। इसके बाद राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिंदे गुट में शामिल हुआ। अब, मैं कारंजा तालुका के लिए और ज्यादा काम करूंगा।" - संदीप भिसे, पूर्व तालुका प्रमुख, कारंजा घाडगे.

शहर के शास्त्री वार्ड स्थित मकान में चोरी

हिंगनघाट.

शहर के शास्त्री वार्ड में दाल मिल के पास एक घर में चोरी 21 फरवरी को एक अज्ञात चोर ने घर से 10,000 रुपये नकद और 87,000 गहणे चुरा लिए। इस संबंध में 21 फरवरी को शाम 7 बजे मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रूपेश ढोके सुबह 7 बजे अपनी चिकन दुकान पर गए थे, जबकि उनकी पत्नी समुद्रपुर में ड्यूटी पर थी और उनका बेटा स्कूल गया था। इसका फायदा उठाकर अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर घर में घुस गए और घर की अलमारी से 10,000 रुपये नकद और 77,000 रुपये के सोने और चांदी के गहने चुरा लिए। रूपेश ढोके ने इस संबंध में हिंगनघाट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

नई पीढ़ी छत्रपति संभाजी महाराज के विचार आत्मसात करेः अग्निहोत्री

वर्धा. जय महाकाली शिक्षा संस्था के संस्थाध्यक्ष श्री.पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री और संस्था के सचिव सचिन अग्निहोत्री की पहल से छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती और शिव जन्मोत्सव उत्साही प्रेरणा के साथ कॉलेज के छात्रों और प्रोफेसरों ने अग्निहोत्री पॉलिटेक्निक, नागठाना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहज रूप से भाग लिया।

जय महाकाली एजुकेशन इंस्टीट्यूट के प्रमुख पंडित शंकर प्रसादजी अग्निहोत्री ने नई पीढ़ी से शिवाजी महाराज की दृष्टि, पराक्रम और सूराज्य की अवधारणा को उजागर करके उनके विचारों को अपनाने का आग्रह किया।

महाविद्यालय के प्रा. अभिषेक कुमार सिंह ने शिवाजी महाराज के जीवन की शौर्य और नेतृत्व गुणों पर टिप्पणी की। विभाग प्रमुख प्रा. शैलेश वाटकर और सांस्कृतिक वृंद की प्रा. स्नेहा हिवरकर और प्रा. प्रचिती देशपांडे के संयोजन के साथ पुरा किया गया.

इस समय छत्रपति शिवाजी महाराज के पालकी की एक भव्य मिरवणुक निकाली गयी.|जहां भक्तियों और वीरश्री का संगम देखा गया था। इस मिरवणुक का विशेष आकर्षण था सुप्रसिद्ध ढोल-ताशा पथक दैवत, जिनकी लयपर पुरा वातावरण उत्साहपुर्ण हो गया. उपस्थित लोगों कें भारदस्त और उत्साह संगीत से अभिभूत किया गया था. और सभी परिसर में शिवमय गजर गुंज उठा.

छात्रों ने शिवाजी महाराज के जीवन के आधार पर नाटक और भाषणों के माध्यम से काम के बारे में जानकारी कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की छात्रा किशोर गायकी ने किया.

मातोश्री महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन

हिंगनघाट. वैयक्तिक दृष्ट्या विद्यार्थियो को रोजगार की संधी उपलब्ध होने और आर्थिक लाभ का व्यवसाय मिलने, इस दृष्टी से मातोश्री महिला महाविद्यालय हिंगणघाट यहां दि. इसीजीसी कमिटी असोसिएशन व कंपनी द्वारे कॅम्पस प्लेसमेंट ड्राईव्ह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के प्राथमिक दृष्टिकोन छात्रों को कॅम्पस में मुलाखत के लिए आमंत्रित करके और उनकी नियुक्ती करके रोजगार सुरक्षित करने की संधी उपलब्ध करके देना है। उक्त कार्यक्रम विज्ञान विभाग प्रमुख प्रा. शितल धार्मिक, इ.सी.जी.सी कमिटी प्रमुख प्रा.राकेश लोणकर, ॲलुमीना असोसिएशन प्रमुख वैशाली तडस साथ ही प्लांट असिस्टंट मॅनेजर मानसी गवली व मॅनेजमेंट एक्झिक्युटिव्ह अभिजीत कुईके के मार्गदर्शन में ली गई

कार्यक्रम प्रास्ताविक विज्ञान विभाग प्रमुख प्रा. शितल धार्मिक ने को। मानसी गवली ने विद्यार्थियो से संवाद साधते हुए, संभाव्य नोकरी से संपर्क साधकर शिक्षण और उद्योग की तफावत को प्रभाव ता से भरके निकालना और नियुक्त किए विद्यार्थियों को जरूरी संबंधित कौशल्य विकसित कैसे करना इस पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम सूत्रसंचालन प्रा.अनुश्री भोयर ने तो आभार प्रा.श्रद्धा बोरकर ने माने। कार्यक्रम के यशस्वीता के लिए प्राणीशास्त्र विभाग की प्रा. प्रणिता आष्टणकर, प्रा. तेजस्विता सहस्त्रबुद्धे, रसायन शास्त्र विभाग की प्रा. अनुश्री भोयर, प्रा. कोमल नांदूरकर, प्रा.,अंबिका ठवरी, वनस्पती शास्त्र विभाग की प्रा. दर्शना रेंढे, प्रा. हर्षदा राऊत, प्रा. वैदर्भि घुंगरूड, भौतिकशास्त्र विभागातील प्रा. स्नेहा सांगोले, प्रा. रोहिणी बोरकर, प्रा. समीक्षा पवार, गणित शास्त्र विभाग की राकेश लोणकर, प्रा. किरण कष्टी, प्रा. मयुरी धोंडे, संगणक शास्त्र विभाग की श्रद्धा बोरकर का योगदान मिला। कार्यक्रम को मातोश्री महिला महाविद्यालय की विद्यार्थी और हिंगणघाट क्षेत्र की अन्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थिति थी।

शासकीय बाल निरीक्षण गृह में शिवजन्मोत्सव संपन्न

वर्धा. अखिल भारतीय मराठा महासंघ की ओर से शासकीय बाल निरीक्षण गृह,गोपुरी में 'शिवजन्मोत्सव का" आयोजन किया गया था.कार्यक्रम की शुरुआत में स्वराज्य संस्थापक छत्रपती शिवाजी महाराज की प्रतिमा और स्वराज्य रक्षक संभाजी महाराज के प्रतिमा का पूजन करके माल्यार्पण किया गया. उसके बाद उपस्थित मान्यवर के हाथो दीप प्रज्वलन करके जिला उपाध्यक्ष कुंदा घाडगे ने शिवराय पालने का गायन किया. विभागीय उपाध्यक्ष रोहिणी बाबर ने प्रास्ताविक करते समय उपक्रम संयोजिका ने अपनी भूमिका विशद की. शिवजन्मोत्सव के निमित्त से छत्रपती शिवाजी महाराज के इतिहास को याद किया गया. बाल गृह में चित्रकला स्पर्धा आयोजित की गयी थी.

बालगृह में समाज में वंचित, दुर्लक्षित,उपेक्षित सभी सोयी सुविधा से दूर बालकों के अंगभूत कला गुण को वाव मिलने के दृष्टि से आयोजित इस स्पर्धा में बालगृह के सभी बालको ने सहभाग लिया.बालकों के कलागुण का कौतुक और अभिनंदन कर के कार्यक्रम के अतिथि विदर्भ सचिव दीपक कदम ने बालकों को भविष्य के आह्वान को पेलने के लिए शिवराय का विचार आत्मसात करना जरुरी है,ऐसा प्रतिपादन किया. कार्यक्रम की अध्यक्षा, बाल न्याय मंडळ सदस्य अलका भुगुल ने मराठा महासंघ "शिवजयंती" दिनी शिवराय के विचार का रोपण करके जिसको इस विचार की गरज है, ऐसी जगह जाते है.

शहराध्यक्षा साधना पवार और जिला युवती अध्यक्षा मोनाली मोहितेने स्पर्धा का परीक्षण करके बालकों को भेटवस्तू और प्रमाणपत्र का वाटप किया. तथा 10 मिनिट में शिवराय की मूर्तिमंत प्रतिमा श्रीमयी बाबर ने निकाली. उसका भी जिल्हा सरचिटणीस माधुरी मोहितेने प्रमाणपत्र और भेटवस्तू देकर अभिनंदन किया. इस प्रसंग पर मराठा महासंघ जिला सरचिटणीस अभिजित जांभूळकर, सदस्या शुभांगी घाडगे, नलिनी धानोरकर ने भी मार्गदर्शनपर विचार व्यक्त किये. कार्यक्रम को बालगृह के कर्मचारी शर्मिला बावनगडे,हरीश वंडलकर, दिपक रेवतकर,गौरी बोकडे की उपस्थिति थी.शिवजन्मोत्सव निमित्त से मराठा महासंघ की ओर से बाल निरीक्षण गृह को स्वराज्यरक्षक संभाजी महाराजांची प्रतिमा दि गयी. तथा बालकों को मैदानी खेल का साहित्य भेट स्वरूप में देकर नाश्ता वितरित किया. कार्यक्रम का संचालन युवा ग्रामीण पत्रकार संघ की सचिव धनश्री भांडेकर तो आभार प्रदर्शन रुपेश कडू ने किया.

मृत्यु ही जीवन का शाश्वत सत्य :मोहन बाबू अग्रवाल

वर्धा. जीवन में सत्ता, संपत्ती, संतान, प्रतिष्ठा व अन्य बातें मिलेगी या नहीं या कब बिदा हो जायेगी यह कहा नहीं जा सकता / प्रत्येक इंसान को एक दिन इस विश्व से विदा होना निश्चित है और वह विदाई का दिन कभी भी आ सकता है। मृत्यु ही जीवन का शाश्वत कटु सत्य है और जो व्यक्ति इस बात का स्मरण करके कार्य करता है उसके हाथों से हमेशा अच्छे कार्य होते रहते हैं और गलत निंदनीय कार्यों से वे बचते रहेंगे। मनुष्य इस जगत में अकेला आया था और अकेलाही जाएगा। खाली हाथ आया था और खाली हाथ ही इस संसार से जाएगा। भाई-भाई और इंसान दूसरे इंसान से आपस में झगडा क्यों करें.जमा किया सब कुछ यहीं धरा रह जाएगा। मानव की बुध्दी में अनेक प्रकार की इच्छाएं होती है। पर वे इच्छाएं कभी भी पुरी नहीं होती। इच्छा के साथ साथ उस कार्य पर भगवान की कृपा होना बहुत जरुरी है। भगवान की कृपा प्राप्त करने का सत्संग एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए अच्छे कर्म करने के लिए मनुष्य ने हमेशा याद रखना चाहिए की एक दिन हमे अवश्य मरना है, ऐसा प्रतिपादन संत गजानन महाराज संस्था वर्षा के अध्यक्ष मोहन बाबु अग्रवाल ने किया।

इस प्रसंग पर मंच पर संत सयाजी महाराज, ह.भ.प. मंदार शास्त्री महाराज, संस्था के सचिव ज्ञानेश्वर पहाडे, कोषाध्यक्ष सुशील व्यास, विश्वस्त मधुसुदन अग्रवाल, कृष्णगिरी महाराज मंदिर धोत्रा के अध्यक्ष महेश गुल्हाने, पंचमुखी हनुमान मंदिर येलाकेली अध्यक्ष चंद्रशेखर दंडारे आदि मंच पर उपस्थित थे। मंदार शास्त्री महाराज द्वारा गोपाल कालेका किर्तन होने के बाद दिंडी, पताका, गाजेबाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से 'श्री' के पालखी की शोभा यात्रा निकाली गई। बाद में महाप्रसाद का आयोजन किया गया. जिसका कई भक्तों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम को सफल करने के लिए सौ.अर्चना लांबट, सौ. कल्पना पोकळे, सौ. पुष्पाताई भडंग, आशाताई तेलंग, बाबाराव काले, अजय लांबट, राजेंद्र धनुस्कर, सुरेश मुंजेवार, अंबादास तलवेकर, कल्पना मरघाडे, जयश्री ठाकरे, अविनाश रोटकर, निखील बाकडे, हरिश दाधीच, पंकज सराफ, वैभव बोरकुटे, रितेश बोंदरकर, आदिने सहकार्य किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना में 19090 लाभार्थियों को अनुमोदन पत्र वितरण

> 14954 लाभार्थियों को पहली किस्त का वितरण

वर्धा.

सभी के लिए घर केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण नीति है और राज्य सरकार ने भी इस नीति को स्वीकार किया। प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत, पहली किस्त को वर्धा जिले के 19090 लाभार्थियों को अनुमोदन पत्र वितरण 14954 लाभार्थियों को प्रथम किस्त वितरित कि गयी.यह कार्यक्रम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणविस की उपस्थिति में पुणे से एक प्रमुख प्रणाली के माध्यम से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन ज़िला परिषद वर्धा के सिंधुताई सपकाल हॉल में सांसद अमर काले की अध्यक्षता में किया गया था। इस कार्यक्रम में लाभार्थियों को वितरण प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवेक इलमे उपायुक्त आस्थापना आयुक्त कार्यालय नागपुर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरज गोहाड, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमोल भोसले उपस्थित थे.

राज्य में राज्य प्रबंधन सेल ग्रामीण गृह कार्यालय के माध्यम से, केंद्रीय प्रधानमंत्री की आवास योजना ग्रामीण और राज्य प्रायोजित रमाई आवास योजना, शबरी आवास योजना, पारधी आवास योजना, आदिम आवास योजना, यशवंतराव चव्हान मुक्त वसाहत योजना, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर घरकुल योजना, मोदी आवास योजना, मोदी आवास योजना ऐसे विभिन्न ग्रामीण गृहनिर्माण आवास योजना, पं.दिनदयाल उपाध्याय घरकुल जगह खरेदी अर्थसहाय्य योजना, ग्रामीण भाग के अतिक्रमण नियमाकुल करना आदी योजना चलायी जा रही है.इन सभी के प्रभावी कार्यान्वयन को लागू करने के लिए, महाराष्ट्र राज्य में 20 नवंबर को आवास दिन का औचित्य पर दि.1 जनवरी 2025 इस 100-दिवसीय काल में महाआवास अभियान 2024-25 लागू किया जा रहा है।

केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण नीति

सदर कार्यक्रम को चेतन ठाकरे, अतुल तुरनकर, राजेश घरतकर, नरेश पवार, सोनाली सोमनाथे, अर्चना पाटिल, जिग्रावियं, वर्धा ने सहयोग किया. 17368 घरों को प्रधानमंत्री की आवास योजना ग्रामीण चरण 1 (20216-17 2021-2022) में मंजूरी दी गई है और 16610 घर पूरा हो चुके हैं और 757 घर प्रगति पर हैं। 19466 के घरों को प्रधानमंत्री की आवास योजना में ग्रामीण चरण 2 (2024-25) और 117 घरों को पूरा किया गया है और 19349 घर प्रगति पर हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री, अमित शहा के हस्ते मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नविस की उपस्थिति में महा आवास अभियान 2024-25 के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण चरण 2 के राज्य में 20 लाख लाभार्थियों को मंजुरी पत्र वितरण और 10 लाख लाभार्थियों की पहली किस्त वितरन बालेवाड़ी पुणे से हुआ है. यह कार्यक्रम राज्य में सभी जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया गया था, जिसमें सभी लाभार्थियों को सदन के निर्माण पर निर्देशित किया गया था। जिला परिषद वर्धा के कार्यक्रम को कार्यकारी अभियंता शुभम गुंडतवार, कार्यकारी अभियंता जल आपूर्ति धिरज परांडे, सहायक परियोजना अधिकारी, जिग्रावियं, वर्धा, मौजूद थे।

निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

गिरीश बबनराव ठाकरे

हिंगनघाट. सामाजिक कार्यकर्ता गिरीश बबनराव ठाकरे का 23 को 34 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटी, माता, पिता, भाई, भाभी, बहन और ठाकरे परिवार है। रविवार को वणा नदी मोक्षधाम में समाजबंधुओं और मित्रों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया। सामूहिक मौन प्रार्थना के साथ अंतिम संस्कार संपन्न हूवा

सत्यभामा हरिदास रंगारी

नागपुर. प्रबुद्ध ज्येष्ठ नागरिक संस्था के अध्यक्ष आयुष्यमान हरिदास रंगारी की पत्नी, सत्यभामा हरिदास रंगारी (आयु 85 वर्ष) का दुखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज उनके निवास स्थान से निकलकर वैशाली घाट पर संपन्न होगा।

भोपाल पहुंचे पीएम मोदी

> आज करेंगे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन

भोपाल.

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के लिए तैयार है. केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समिट का उद्घाटन करेंगे, मंत्री ने कहा कि पीएम की उपस्थिति से सभी को नई ऊर्जा मिलेगी. उन्होंने कहा कि इस आयोजन से राज्य में निवेश का उदय होगा.

प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्य में निवेश के लिए उपयुक्त माहौल बनाने को लेकर पिछले 6 महीनों में काफी मेहनत की है.रविवार (23 फरवरी) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम पहुंचे. यहां उन्होंने कैंसर हॉस्पिटल की आधारशिला रखी. इस मौके पर पीएम के साथ बागेश्वर

सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे. इस दौरान पीएम ने कहा कि बागेश्वर धाम कैंसर चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान का भूमिपूजन किया है.ये संस्थान 10 एकड़ में बनेगा, पहले चरण में ही इसमें 100 बेड की सुविधा होगी.

बागेश्वर धाम के बाद पीएम मोदी राजधानी भोपाल पहुंचे. जहां राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने फूलों का गुदलस्ता देकर उनका स्वागत किया. पीएम मोदी में ही रुकेंगे और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे. दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के आयोजन को लेकर पिछले काफी समय से तैयारियां चल रही हैं. सीएम यादव ने खुद तैयारियों का जायजा लिया.

देश और दुनिया की कई हस्तियां होंगी शामिल

24 और 25 फरवरी को होने वाले इस समिट में देश और दुनिया की कई नामचीन हस्तियां हिस्सा ले रही हैं. मुख्यमंत्री लगातार निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव कर चुके हैं वहीं प्रदेश के बाहर दूसरे राज्यों में भी उन्होंने निवेशकों से संवाद कर राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया है.

जन-जन को प्रेरित करता 'मन की बात' कार्यक्रम...

सौंसर.

सौंसर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सौसर विधानसभा के ग्राम बेरडी में पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने बुथ नंबर 175 पर सुना। मन की बात कार्यक्रम सदैव ही हमें समाज में एक नवीन सकारात्मक सोच के साथ बदलाव में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर ब्रजकिशोर सुधा देवेन्द्र गायकवाड,अशोक लाखे, विवेक गायकवाड, रामराव कुतरमारे,विकास जानभोर,आशीष चांडक, पुष्पन काले, राधे पातुरकर, भोला महाजन,रूपेश ठाकरे राजु करमरकर, निलेश खंडाईत,मनोज जाने, सिद्दार्थ बन्सोड और ग्राम के पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

पिता का अंतिम संस्कार छोड़ 10वीं की परीक्षा देने पहुंची छात्रा

लातूर.

पिता का अंतिम संस्कार बीच में छोड़कर दिशा नागनाथ उबाले अपना 10वीं कक्षा का मराठी का पर्चा देने पहुंचीं। कक्षा 10 की छात्रा के पिता का बृहस्पतिवार शाम को निधन हो गया। वह बीमारी से जूझ रहे थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को उनके भादा गांव में किया गया। भादा में जिला परिषद बालिका विद्यालय की छात्रा दिशा ने बताया कि उसे यकीन नहीं था कि वह शुक्रवार को सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट (एसएससी) की परीक्षा दे पाएगी । तभी उसके शिक्षक शिवलिंग नागापुरे ने उसे परीक्षा में शामिल होने के लिये कहा।

नागपुरे ने बताया कि उन्होंने लातूर डिवीजनल बोर्ड के चेयरमैन सुधाकर तेलंग से संपर्क किया, जिन्होंने दिशा से बात की और उसे हार न मानने के लिए प्रोत्साहित किया। हौसला दिखाते हुए 16 वर्षीय लड़की ने अपने आंसू पोंछे, अपने पिता को अंतिम विदाई दी और शुक्रवार को मराठी का पेपर देने के लिए औसा के अजीम हाई स्कूल में परीक्षा केंद्र की ओर चल पड़ी। दिशा के परिवार में उनकी दादी, मां और छोटा भाई शामिल हैं। भादा गांव के निवासी प्रेमनाथ लाटूरे ने बताया कि जब वह (दिशा) औसा में अपना पेपर लिख रही थीं, उसी दौरान उनके पिता का अंतिम संस्कार हो रहा था।

बता दें कि दूसरी तरफ महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज में 24 फरवरी को आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा के एग्जाम को रद्द कर दिया गया है। अधिकारिक बयान के मुताबिक, 24 फरवरी को आयोजित होने वाली परीक्षा का आयोजन 9 मार्च को किया जाएगा। बता दें कि केवल प्रयागराज में 24 फरवरी को होने वाली बोर्ड परीक्षा को रद्द किया गया है।

ग्राम पंचायत अंबाडी में आंगनवाड़ी भवन का हुआ भूमिपूजन

सौंसर.

ग्राम पंचायत अंबाडी में शुक्रवार को जिला पंचायत सभापति नीलिमा पाटिल ने निधि से आंगनवाड़ी भवन अंबाडी में निर्माण कार्य हेतु राशि 6.5 लाख की राशि स्वीकृत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय मुंगोले, मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति नीलिमा नरेंद्र पाटिल, अंबाड़ी सरपंच विनोद अंभोरे, उप सरपंच योगेश पिंपलकर, रामभाऊ मुंगोले, डोमन मुंगोले, धोंडबा चटप, मुरलीधर मुंगोले, तेजराम चटप, नाना पिंपलकर, बाबू घोरमारे, भाऊ चटप, इंदराज मुंगोले, रंजना मुंगोले,ललिता चटप,चंद्रकांत चटप, पैकुजी बल्किं ग्राम पंचायत सचिव हिम्मत गिरी एवं समस्त ग्रामवासी की उपस्थिति में भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

नानाभाऊ मोहोड ने शासकीय महाविद्यालय में किया कार्यक्रम का उद्घाटन

सौसर.

रविवार को शासकीय महाविद्यालय में जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व प्रशिक्षण में पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर मार्गदर्शन किया। मोहोड ने कहा कि, आप देश की भावी पीढी हो, आपके उपर समाज को प्रेरित करने का जिम्मा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल, सडक नाली जैसी मुलभूत सुविधाओं का अभाव था। लेकिन भाजपा सरकार ने विकास के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करके विकास का नया इतिहास रचा है। नई शिक्षा निति के अंतर्गत हमारा विकासखंड पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहेगा। विकासखंड समन्वयक अनिल बोबडे ने परिचर्चा विषय पर प्रकाश डाला। नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि राजेन्द्र भक्ते ने जन अभियान परिषद का परिचय देते हुये इसका निर्माण कमल रोटी योजना के माध्यम से होने की बात कही।

नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति के माध्यम से किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला। संचालन अखिलेष परिहार एवं आभार प्रदर्षन दिनेश सोमकुवर ने किया। अवसर पर सुभाष ठाकरे, सुनील डोंगरे, भोजराज सिह निकम, बीएसडब्लू, एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी उपस्थित थे।

स्कूल के बाथरूम में फ्लश दबाते ही हुआ ब्लास्ट!

बिलासपुर. एक निजी स्कूल के बाथरूम में फ्लश दबाते ही अचानक सोडियम ब्लास्ट का मामला सामने आया है. इस घटना में एक चौथी कक्षा की छात्रा गंभीर रूप से झुलस गई है. माना जा रहा है कि स्कूल के ही अन्य शरारती छात्रों ने इस वारदात को अंजाम दिया है. दरअसल न्यायधानी बिलासपुर में स्थित सेंट विंसेंट पालोटी स्कूल में ये घटना तब घटी जब छात्रा स्कूल में वाशरूम यूज कर रही थी. फिलहाल छात्रा को बर्न एंड ट्रामा यूनिट अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है. घटना के बाद स्कूल की कार्यप्रणाली भी कठघरे में है. स्कूल में रिसेस के दौरान कक्षा चौथी की एक 10 वर्षीय छात्रा स्तुति मिश्रा वाशरूम गई हुई थी. वाशरूम यूज करने के बाद जैसे ही छात्रा ने टायलेट फ्लश दबाया, तभी अचानक वाशरूम में सिल्वर पाउच में पहले से मौजूद सोडियम ब्लास्ट हो गया. और इस ब्लास्ट में छात्रा गंभीर रूप से झुलस गई.

6 राज्यों में परफॉर्म करेंगे बांग्ला कलाकार

बांग्लादेश.

बांग्लादेश में हुए हालिया घटनाक्रम के बीच राजनीति और कूटनीति आपसी संबंधों में सुधार के लिए संघर्ष कर रही हैं, वहीं आस्था इस काम को बखूबी अंजाम देती प्रतीत हो रही है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार को पिछले साल अगस्त में अपदस्थ किए जाने के बाद पड़ोसी देश में पैदा हुई अशांति के बीच अल्पसंख्यक हिंदुओं को कथित रूप से निशाना बनाए जाने की कई घटनाएं हुईं। इन घटनाओं के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच यह आधिकारिक तौर पर पहला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतीत होता है।

बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस की सरकार ने बांग्लादेशी कलाकारों के समूह को महाकुंभ में प्रस्तुति के लिए आंशिक रूप से प्रायोजित किया। बांग्लादेश से आई छह सदस्यीय नृत्य मंडली ने कुंभ में 13,000 सीट वाले अस्थायी केंद्रीय सांस्कृतिक केंद्र गंगा पंडाल में 10वें भारत अंतरराष्ट्रीय नृत्य और संगीत महोत्सव के उद्घाटन सत्र में शनिवार शाम को प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने संयुक्त रूप से आयोजित किया।

आईसीसीआर विदेश मंत्रालय के अधीन काम करता है। इससे पहले भारत में हुए प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जैसे कि अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेला 2025 और पिछले साल दिसंबर में 30वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव से बांग्लादेश अनुपस्थित रहा था। हालांकि पहले बांग्लादेश इन कार्यक्रमों में लगातार भाग लेता था। यह नृत्य मंडली 10 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले विदेशी कलाकारों के 107 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रही।

जेलों में बंद कैदी करेंगे संगम के जल से 'कुंभ' स्नान

छत्तीसगढ़.

राज्य सरकार द्वारा जेलों में बंद कैदियों को संगम जल उपलब्ध कराने पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा "कैदी वहां नहीं जा सकते। 144 साल बाद आयोजित हो रहे इस बड़े धार्मिक आयोजन में स्नान करने की हर किसी की इच्छा होती है प्रयागराज महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा. इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गंगा-यमुना के जल को नहाने लायक नहीं माना है. इसको लेकर यूपी सरकार की किरकिरी भी हो रही है, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के सभी जेलों में बंद कैदियों को कुंभ स्नान कराने के लिए त्रिवेणी के पवित्र जल की व्यवस्था की है. ताकि जेल में बंद कैदी भी पवित्र जल से स्नान का लाभ उठा सकें.

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने इस मसले पर पूछे गए सवालों के जवाब में कहा, "144 साल बाद महाकुंभ का आयोजन हुआ है. इस बड़े धार्मिक आयोजन में स्नान करने की हर किसी की इच्छा होती है. जेलों में बंद कैदी नियमानुसार वहां नहीं जा सकते. यही वजह है कि प्रदेश सरकार ने सभी कैदियों को जेल के अंदर ही 'संगम का जल' मुहैया कराने का फैसला लिया है." उन्होंने आगे कहा, "संस्कार हमारी संस्कृति से जुड़े हुए हैं. प्रयागराज महाकुंभ हमारी संस्कृति का एक बहुत बड़ा हिस्सा है. सभी को इसमें हिस्सा लेने का अवसर मिलना चाहिए." छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ये भी कहा कि किसी भी व्यक्ति में मन में सही गलत का भाव बोध संस्कारों के जरिए होता है. संस्कार हमारी संस्कृतियों से जुड़े हैं, इसलिए जब जेल में कैदी इन संस्कारों से जुड़ेंगे तो सही और गलत को समझने के करीब होंगे. डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मुताबिक जेल के कैदी 25 फरवरी को संगम के जल से स्नान करेंगे. संगम का जल अंबिकापुर, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर व अन्य जिलों के जेलों में पहुंचाया जा चुका है.

नागरिक दक्षता समिति ने किया गाड़गे महाराज को अभिवादन

नागपुर.

उत्तर नागपुर में सामाजिक, शैक्षणिक तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी सेवाएं देने वाली संस्था, नागरिक दक्षता समिती उत्तर नागपुर ने अंधश्रद्धा निर्मूलन करना, स्वच्छता अभियान चलाना, मानवता ही परम धर्म मानने वाले संत श्री गाडगे महाराज जयंती उत्साह के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक बंदोपंत टेंभुरने ने की, कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री गाडगे महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, कार्यक्रम की प्रस्तावना महासचिव डॉ राजकुमार खियानी ने रखी। संस्था अध्यक्ष वामनराव साखरे ने गाडगे महाराज ने समाज सुधारने, लोगों की अज्ञानता मिटाने के लिए योगदान हेतु उनका अभिवादन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजकुमार खियानी ने किया, तो आभार प्रदर्शन बंदोपंत टेंभुरने ने माना। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अर्जुन मेश्राम सिंधु वाघमरे, सचिव वीणा दरवाडे, ज्योति लिंगायत, दिक्षित अंबादे, श्रीधर पेंदाम, सुजाता वासनिक, एड. नीता सहारे, शेवन्ता शेन्डे, विद्या वाल्दे, नंदा शंभरकर व संजय लिंगायत ने भी प्रमुखता से उपस्थित रहकर अभिवादन किया।

श्री शिवमहापुराण संगीतमय कथा 26 से

नागपुर. श्री शिव मंदिर बजेरिया के तत्वावधान में शिव मंदिर चौक, नन्नुमल बिल्डिंग बजेरिया में 26 फरवरी से 4 मार्च तक शिवमहापुराण संगीतमय कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कथा प्रसिद्ध भागवताचार्य श्री चंद्रप्रकाश महाराज (जबलपुर) के वचनों द्वारा संपन्न होगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। आयोजन का शुभारंभ 26 फरवरी को दोपहर 1:30 बजे बजेरिया शिव मंदिर से कलश यात्रा के साथ होगा। इस यात्रा में बड़ी संख्या में कन्याएं एवं महिलाएं शामिल होंगी। यह शोभायात्रा बस्ती का भ्रमण करते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी। श्री शिव मंदिर के शिवपुराण कथा प्रमुख श्री सुरेंद्र शाहू, अभिनय चौहान और अधिवक्ता अनिल शाहू ने जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

शिवाजी जयंती पर श्रावण केझरकर का सत्कार

कामठी.

गोयल टॉकीज चौक पर श्री छत्रपति शिवाजी की विशालकाय मूर्ति की नींव रखने वालों में नगर परिषद पूर्व सभापति श्रावण केझरकर का भी काफ़ी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसे मद्देनजर रखते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर श्रावण केझरकर का सत्कार किया गया। इस अवसर पर दिलीप करंडे, तुषार पारसे, रितेश सत्तलवार, विजय कोंडुलवर, दीपक चिंतनवार, पंकज नलेंद्रवार, तिलक गजभिए, रोशन क्षीरसागर, अभिजित चट्टी, जीतू गुजर, महेश सावरकर, अभय मिश्रा, संकेश बागडे, सौरभ आदि गणमान्य नागरिक प्रमुखता से उपस्थित रहे।

शिर्डी साईं बाबा की दिव्य चरण पादुकाओं का आगमन

सौसर. सौसर स्थित साईं मंदिर में शिर्डी साई बाबा की दिव्य चरण पादुकाओं का आगमन हुआ. जिसमे विधायक विजय चौरे द्वारा चरण पादुकाओं को प्रणाम एवं पुष्प अर्पित कर समस्त क्षेत्रवासियो के सुख,शांति, समृद्धि की कामना की। दिव्य चरण पादुका यात्रा के आगमन पर समस्त श्रद्धालु भक्तजनों ने चरण पादुकाओं का पुष्प वर्षा से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक विजय चौरे,आनंद बक्शी,डॉ.राजेंद्र येमदे, सुनील भांगे, सतीश बोढ़खे, लक्ष्मण चाके, सुभाष कलंबे,संजय ठाकरे,देवेंद्र केदार,अमरीश जैसवाल,गणेश चौरे,राजा कलस्कर,राजा बोडे,प्रदीप इंगोले, भगवान रुंघे,दुर्गेश सनेश्वर एवं समस्त श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

शुभांक		
श्रीदेवी	478-9	368-7
श्रीदेवी नाईट	160-7	778-2

बीना संगम कन्हान नदी घाट में अवैध रेत का खाली ट्रक पकड़ा

> खापरखेड़ा पुलिस की कार्रवाई

खापरखेड़ा.

खापरखेड़ा थाना क्षेत्र के बीना संगम कन्हान नदी रेत घाट पर अवैध रेत परिवहन करने वाले एक ट्रक को पुलिस ने पकड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को आते देख ट्रक चालक ट्रक को नदी में ही छोड़कर फरार हो गया। खापरखेड़ा पुलिस को सूचना मिली थी कि कन्हान नदी रेत घाट पर अवैध रूप से रेत भरी जा रही है। इस सूचना के आधार पर भानेगांव बीट इंचार्ज कैलास पवार और उनकी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही ट्रक चालक ने ट्रक से रेत खाली कर वहां से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया। जब्त किए गए ट्रक की कीमत लगभग 6 लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में पोना राजू भोयर बक्कल नंबर 925 पो.स्टे. खापरखेड़ा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी पर अप. क्रमांक 131/25 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 62 बीएनएस, 48, 48(7), 48(8) महाराष्ट्र जमीन महसूल संहिता, 4, 21 खान एवं खनिज अधिनियम तथा 3 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान प्रतिबंधक अधिनियम 1984 के तहत केस दर्ज किया गया है। खापरखेड़ा पुलिस थाना प्रभारी अरविंद कतलाम के मार्गदर्शन में आगे की जांच जारी है।

डॉक्टर ने कहा था रात निकालना भी है कठिन, ईईसीपी ट्रीटमेंट से बच गई जान

उज्ज्वला देवानंद सावदेकर ने डॉ. प्रदीप पाटिल के श्री स्वामी समर्थ हॉस्पिटल में कराया सफल उपचार

नागपुर : हार्ट के मरीजों के लिए ईईसीपी ट्रीटमेंट बड़ी कारगर साबित हो रही है. बायपास होने के बावजूद समस्या से ग्रस्त मरीजों, जिनका बायपास नहीं हो सकता, वे मरीज और ज्यादा उम्र वाले मरीजों को भी ईईसीपी ट्रीटमेंट से राहत मिल रही है. त्रिमूर्तिनगर स्थित डॉ. प्रदीप पाटिल के श्री स्वामी समर्थ हार्ट केयर सेंटर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में ऐसे अनेक मरीजों को समस्या से छुटकारा मिला है. एंजियोग्राफी के बाद अक्सर डॉक्टर एंजियोप्लास्टी या बायपास सर्जरी कराने की ही सलाह देते हैं. लेकिन इसके बावजूद शत प्रतिशत आराम मिलने की गारंटी कोई भी नहीं देता है. वहीं, ईईसीपी ट्रीटमेंट में बगैर चीरफाड़ किए बायपास बताए गए मरीजों को भी राहत मिल रही है. इसी तरह सक्करदरा निवासी उज्ज्वला देवानंद सावदेकर को भी एंजियोप्लास्टी करने की सलाह दी गई थी. लेकिन उन्होंने ईईसीपी ट्रीटमेंट को चुना. इसका उन्हें फायदा भी मिला और वह बगैर ऑपरेशन के ठीक हो गई हैं. जहां डॉक्टर ने उन्हें कहा था कि उनका एक रात निकालना भी कठिन है, वह अब बिल्कुल स्वस्थ है और अच्छी तरह अपने रुटीन काम कर रही हैं.

Dr. Pradeep M. Patil

Mrs. Archana Patil Director

DR. Rucha Patil
M.B.B.S M.D(Anesthesia)
Fellowship in Cardiac Rehabilitation.
Certificate Of EECP
(International cardiologist EECP Society USA)

सेकंड ओपिनयन में भी भी बताई थी एंजियोप्लास्टी

अभी मेरी उम्र 50 साल है. 9 दिसंबर 2024 की बात है. मुझे छाती में दर्द होने लगा था तो मुझे एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था. वहां मेरा इको और एक्स-रे किया तो पम्पिंग केवल 25 प्रतिशत ही थी. डॉक्टर ने मेरे बेटे से कहा कि आपकी मां का रात निकालना भी कठिन है. इसलिए उन्होंने मुझे भर्ती कराने को कहा था. लेकिन हमारी आर्थिक स्थिति नहीं होने से हमने दूसरे डॉक्टर की सलाह लेने का निर्णय लिया. हम दूसरे डॉक्टर के पास गए तो उन्होंने एंजियोग्राफी निकालने को कहा. एंजियोग्राफी की रिपोर्ट देखने पर डॉक्टर ने कहा कि एंजियोप्लास्टी करनी ही पड़ेगी. इसके बाद हमें हमारे फ्लैट वाले काका ने हमें डॉ. प्रदीप पाटिल के श्री स्वामी समर्थ हॉस्पिटल के बारे में बताया. उन्हें भी हार्ट अटैक आ चुका था और वे बेहोशी की हालत में अस्पताल गए थे. इसलिए उन्हें ऑपरेशन करना पड़ा था. उनके कहने पर हम डॉ. प्रदीप पाटिल के पास गए तो उन्होंने बताया कि 35 दिन तक सीटिंग करनी पड़ेगी. मैंने ट्रीटमेंट का कोर्स पूरा किया और फिर दुबारा इको कराया. इसमें मेरे हार्ट का पम्पिंग 50 प्रतिशत हो गया. अब मुझे दर्द नहीं होता है. पहले तो मैं काम भी नहीं कर सकती थी, लेकिन अब कोई तकलीफ नहीं होती है. मैं खाना बना लेती हूं. पहले मुझे चलते समय दम आता था, पसीना आता था, सीढ़ियां नहीं चढ़ सकती थी. अभी मैं बिल्कुल ठीक हूं. दवाई शुरु है. श्री स्वामी समर्थ हॉस्पिटल की हॉस्पिटल की टीम बहुत अच्छी है. सर बहुत मिलनसार स्वभाव के हैं. मेरा ट्रीटमेंट बहुत अच्छी तरह किया गया. अब मैं दूसरे परिचितों और रिश्तेदारों को भी हार्ट से संबंधित समस्या रही तो सबसे पहले डॉ. प्रदीप पाटिल को दिखाने की सलाह देती हूं.

- उज्ज्वला देवानंद सावदेकर, सक्करदरा, नागपुर

श्री स्वामी समर्थ हॉस्पिटल
In Collaboration with
हिल युवर हार्ट सेंटर VASOMEDITECH
Heal Your Heart
पत्ता: प्लॉट नं.57/बी, गजानन महाराज मंदिर च्या मागे, त्रिमुर्ती नगर, नागपूर
मोबाईल क्र. 7083493268, 8390381479 Website : www.eecpsssh.com